53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.2°c अधिकतम 34.3 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:54, सूर्यास्त - 6:45 | वर्ष : 53/अंक : 237 बृहस्पतिवार, 28 अगस्त 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मनुष्य की बुद्धिमत्ता का पता उसके ज्ञान से नहीं, बल्कि उसकी कल्पना से चलता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बेईमान राजनैतिक दलों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाया था : योगी



उनको जनता ने कर दिया चलता..... आज वो सब परेशां फिरते हैं.....

# लो जी... अब खालापार से 1300 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** पिछले कुछ दिनों से मुजफ्फरनगर जनपद का नाम फिर से एक बार सुर्खियों में आता दिखाई दे रहा है। विशेष समुदाय के कुछ लोग पिछले माह में कभी कांवड़ यात्रा में साम्प्रदायिक दंगा फैलाने के लिए फर्जी वीडियो जारी करते हैं, कभी हर प्रकार के अनैतिक कामों में लिप्त पाए जाते हैं। और सच्चाई कह दो तो अपने आपको सबसे बड़ा सफेदपोश बताते हैं, मगर प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती, पिछले डेढ़ माह में 40 भाईजानों की नई-नई करतूतें सामने आई हैं। इसी कारण मुजफ्फरनगर जनपद एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। अब खालापार से छोटी मोटी नहीं पूरे 1300 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की करतूत सामने आई है। इसमें भी बड़ा गिरोह काम कर रहा था। सिर्फ खालापार ही नहीं मेरठ के लिसाढ़ी गेट थाना तक के युवक जीएसटी चोरी प्रकरण में पकड़े गए हैं। तीनों महानुभावों का नाम मौहम्मद नदीम सैफी पुत्र मौ. अनीस सैफी निवासी लिसाढ़ी गेट थाना मेरठ तथा दूसरे जीएसटी चोर का नाम मौ. समीर पुत्र मौ. शमीम निवासी सरवट सामने आया है। दोनों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। इन दोनों के साथ-साथ पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि वह जानसठ रोड स्थित शादाब के लिए काम किया करते थे। शादाब ने अक्शा रीसाइक्लिंग वेस्ट नाम से एक फर्म जला रखी थी। शादाब द्वारा उन्हें ई-वे बिल भेजे जाते थे, जिसके बाद कुछ कम्पनियों से सम्पर्क कर कम्पनियों द्वारा माल की खरीदारी व परिवहन के फर्जी बिल तथा फर्जी बिलों के अनुसार ही फर्जी धर्मकांटे की पर्ची तैयार की जाती थी, मगर वास्तव में ऐसा कुछ नहीं होता था। जीएसटी चोरी के लिए टैक्स इन्वॉइस, ई-वे बिल, ट्रांसपोर्ट रसीद, बिल्टी व धर्मकांटे की रसीद के साथ एक फाइल तैयार की जाती थी और इसी फाइल को आगे भेजा जाया करता था। बोगस फाइल व बिल का इस्तेमाल कर शादाब सरकार से 18 प्रतिशत आईटीसी क्लेम करता था। इस गोरखधंधे में 1300 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गयी है। खालापार पुलिस ने सूचना पर मेरठ रोड स्थित जेडके कॉम्पलेक्स में छापामारी के बाद दो लोग गिरफ्तार किए। गिरफ्तार लोगों से भिन्न भिन्न ट्रांसपोर्टर, धर्मकांटा तथा फर्मों के नाम, लेपटॉप, प्रिंटर, 103 मोहरें तथा फर्जी प्रपत्र बरामद किये गए हैं।

## सेंट्रल जीएसटी टीम से जुड़ा है मामला

**पुलिस अभी भी कर रही शादाब की तलाश**

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय जीएसटी अधिकारियों ने बताया चूंकि उक्त मामला सेंट्रल जीएसटी से जुड़ा है, इसलिए सेंटर से मिली सभी डिवाइस, हार्ड कॉपियां, सेंट्रल जीएसटी टीम ही अपने साथ ले जा चुकी है। बताया जाता है कि हाल ही में जीएसटी विभाग द्वारा दो बड़ी फर्मों पर भी फर्जीवाड़ा पाए जाने के दौरान 50-50 लाख का जुर्माना लगाया गया है। खालापार से पकड़ी गयी फर्म तांबे, एल्यूमीनियम आदि अन्य सामान के लिए फर्जी ऑनलाइन आईटीसी का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी के जरिए बड़ा घोटाला किया जा रहा था। जल्द ही सेंट्रल जीएसटी टीम नदीम, समीर और शादाब के साथ जुड़े अन्य लोगों को पकड़कर और बड़ा खुलासा कर सकती है। फिलहाल इनसे कड़ी पूछताछ की जाएगी।




**खालापार स्थित कॉम्पलेक्स जहां 1300 करोड़ की जीएसटी चोरी का धंधा पकड़ा गया एवं छापे में बरामद सामान**



## हरिद्वार के स्पा सेंटर में चल रहे देह व्यापार के लिंक मुजफ्फरनगर व शामली जनपद से जुड़े

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (एजेंसी)।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने मंगलवार को सिडकुल स्थित पेंटागन मॉल में एक स्पा सेंटर पर छापे में देह व्यापार का खुलासा कर 5 महिलाओं और 2 पुरुषों को गिरफ्तार किया। स्पा सेंटर संचालक दंपति मौके से फरार हो गए। इस मामले के लिंक मुजफ्फरनगर समेत वेस्ट यूपी व हरियाणा से जुडे. हैं। युवतियों को यहां लाकर देह व्यापार कराया जा रहा था। सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार एएचटीयू की टीम ने गुड एंड हैप्पी स्पा एंड सैलून में औचक छापा मारा। तलाशी के दौरान दो अलग-अलग कमरों में पुरुष और महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिले। टीम को मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तुरंत सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। एएचटीयू प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए पुरुषों की पहचान सचिन और गणेश, दोनों निवासी ऋषिकेश, के रूप में हुई है। वहीं पकड़ी गई महिलाएं शामली, पानीपत और फतेहपुर की रहने वाली हैं। स्पा सेंटर संचालक अनुभव और उसकी पत्नी शालू, निवासी आरके पुरम कॉलोनी सिडकुल, छापेमारी के दौरान भाग निकले। मौके पर आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। इसके अलावा, पास के ही एक अन्य स्पा सेंटर की भी जांच की गई। वहां कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद उसके संचालक का चालान किया गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे अवैध कामों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौतों का आंकड़ा 34

**▶▶ चश्मदीद बोले- बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने लगे और सब तबाह हो गया**

**कटरा, 27 अगस्त (एजेंसी)।** वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 34 हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था। कल देर रात तक सात लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। वहीं, 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं और कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। कल दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को घायलों से मिलने कटरा पहुंचे।

उन्होंने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है। कई मृतकों की पहचान हो गई है और शव उनके घर भेजने की व्यवस्था हो रही है। श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा। जम्मू शहर में मंगलवार को 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई थी। इससे कई जगह बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। वैष्णो देवी लैंडस्लाइड के चश्मदीद ने बताया- बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने लगे और सब तबाह हो गया। नॉर्दर्न रेलवे ने भी आज जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 22 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 27 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है।

वहीं दूसरी तरफ जम्मू में मंगलवार को 11:30 से 5:30 बजे तक 6 घंटे में 22 सेमी बारिश हुई, जो अब तक की सबसे ज्यादा थी। आधी रात के बाद बारिश हुई। झेलम नदी का जलस्तर 22 फीट पार करने पर दक्षिण कश्मीर में बाढ़ अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू शहर, आरएस पुरा, सांबा, अखनूर, नगरोटा, कठुआ, उधमपुर समेत कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हैं। रियासी, रामबन, डोडा, कटरा, बनिहाल और आसपास हल्की बारिश जारी है।



## सीएम योगी का ऐलान वैष्णो देवी में मारे गए यूपी के निवासियों को सरकार देगी चार लाख रुपये

**लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने जम्मू और कश्मीर में लैंडस्लाइड में जान गंवाने वाले राज्य के निवासियों के परिजनों को मुआवजा देने का ऐलान किया है। यूपी के मुख्यमंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी यात्रा के दौरान हुई प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सभी मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मृतकों के पार्थिव शरीर उनके घर भेजने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।



## करंट से युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** नई मण्डी क्षेत्र के बढेड़ी गांव में देर रात एक फैक्ट्री में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी। मौत के बाद परिजन रोते बिलखते हुए फैक्ट्री पहुंचे और फैक्ट्री मालिक से मुआवजे की मांग की। देर रात में स्वयं युवक के पिता फूट-फूटकर फैक्ट्री में रोते दिखाई दिये। समाचार लिखे जाने तक युवक को मुआवजा मिलने की कोई घोषणा फैक्ट्री मालिकों द्वारा नहीं की गयी थी।



## कूकड़ा-कूकड़ी के बीच शिव मंदिर में शिवलिंग क्षतिग्रस्त किया



**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)। देर रात नई मण्डी थाना क्षेत्र के कूकड़ा-कूकड़ी के बीच शिवमंदिर का शिवलिंग क्षतिग्रस्त करने की घटना सामने आई। सूचना पर तुरन्त नई मण्डी पुलिस पहुंची। मीडिया ने ग्रामीणों ने जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोग सुबह व शाम इस मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक को आते हैं। सुबह तक शिवलिंग बिल्कुल ठीक था मगर जब शाम को जलाभिषेक के लिए ग्रामीण पहुंचे तो शिवलिंग खंडित मिला। बड़ी बात यह है कि खंडित शिवलिंग को देखकर साफ दिख रहा था कि किसी ने इस शिवलिंग को पूरी फुर्सत में तोड़ा है, क्योंकि शिवलिंग मामूली रूप से खंडित नहीं था, पूरी तरह से शिवलिंग को तोड़ा गया था। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में रोष व्याप्त था और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने आश्वस्त किया कि जल्द ही शिवलिंग को खंडित करने वाला व्यक्ति पुलिस गिरफ्त में होगा। फिलहाल शिवलिंग खंडित करने को लेकर देर रात तक तरह तरह की चर्चाएं ग्रामीणों में व्याप्त थी और माना जा रहा है कि यह सुराग भी ग्रामीण ही बताएंगे कि आखिर कौन है, जिसने क्षेत्र में तनाव फैलाने के लिए घटना को अंजाम दिया है।**



## नहीं थम रहा विश्वकर्मा समाज का विवाद : बैंकट हॉल में जबरदस्त झड़पें

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** लगातार विश्वकर्मा समाज का विवाद बढ़ता ही जा रहा है और अब सारी सीमाएं लांघते हुए बस हाथापाई की नौबत रह गयी है, बाकी सारे काम हो रहे हैं। आपको बता दें कि कुछ दिनों से भाजपा नेता जगदीश पांचाल विवादों के घेरे में हैं। कुछ दिन पहले वे खुद ही अपने आपको समाज का अध्यक्ष घोषित कर बैठे थे, जिसके बाद से विश्वकर्मा समाज में जबरदस्त बखेड़ा खड़ा हो गया था। समाज के लोगों की मानें तो यह विवाद दो धड़ों में बंट चुका है। एक धड़ा जगदीश पांचाल का समर्थक है तो दूसरा धड़ा नरेश विश्वकर्मा का। बुधवार को विश्वकर्मा उत्सव मण्डप में समाज की एक बैठक हुई, जहां बैठक के दौरान दो धड़ों में जबरदस्त तू-तू-मैं-मैं हुई। तू-तू-मैं-मैं इतनी बढ़ गयी कि एक व्यक्ति पर दो लाख रुपये लेने तक के आरोप लग गए, इसके बाद दोनों धड़ों के बीच सिर्फ मारपीट छोड़कर सबकुछ हुआ और दोनों धड़ों ने अपना - अपना पक्ष रखते हुए एक पक्ष ने नरेश विश्वकर्मा की तीमारदारी की तो दूसरे ने जगदीश पांचाल की। समाचार लिखे जाने तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी, मगर समाज के बीच इतने बड़े बखेड़े को देखते हुए साफ दिख रहा था कि अब यह मामला जनपद के आला अधिकारियों के बीच जरूर जाएगा और जब तक दोनों पक्षों पर मुकदमे दर्ज नहीं होंगे, तब तक यह विवाद समाप्त होने वाला नहीं है।



## कृषि विभाग टीम ने मारा छपार क्षेत्र में छापा
### अनुदानित यूरिया पर सरकारी अनुदान का दुरूपयोग पकड़ा

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** जिले में छपार थाना क्षेत्र के गांव खुड्डा में अनुदानित यूरिया से डेफ यूरिया बनाने के मामले में प्रदेश स्तर का पहला प्रकरण प्रकाश में आया, जिससे जनपद में हड़कंप मच गया। कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए मौके से इस बीच में 55 बैग आईपीएल ब्रांड यूरिया बरामद किए। इस दौरान मौके से सादिक को गिरफ्तार करते हुए विभागीय टीम ने परिसर को सील कर दिया। छापेमारी के दौरान कृषि विभाग के साथ ही सहकारिता, पूर्ति और बिजली विभाग के अफसरों की मौजूदगी में यूपी में इस तरह की पहली कार्यवाही डेफ पर किए जाने से हड़कंप मचा है। छपार थाना क्षेत्र में सूचना के आधार पर कृषि विभाग की टीम ने ग्राम खुड्डा में सहकारी संघ लि. छपार, उप केन्द्र खुड्डा के बराबर में लगे परिसर में छापेमारी की। टीम को मौके पर 55 बैग यूरिया (नीम लेपित), आईपीएल ब्रांड के मिले। उपलब्ध अनुदानित यूरिया से 01 नमूना ग्रहित किया गया। उक्त यूरिया का प्रयोग मौके पर उपस्थित सादिक पुत्र तालिब आरिफ ग्राम-खुड्डा द्वारा डीजल एग्जॉस्ट फ्लूड बनाने में किया जा रहा था। साथ ही 28 बाल्टी डीईएफ की विभिन्न ब्रांड, 20 लीटर प्रति बाल्टी (14 बाल्टी भारत बैंज, 6 बाल्टी गल्फ एएल, 08 बाल्टी आईसर) व 18 कैन भरी हुई 2.5 लीटर प्रति कैन, जिनमें से परिसर में छापेमारी के दौरान गाड़ी संख्या यूपी-12 सीटी-1279 मैक्स पिकअप महिन्द्रा गाड़ी में 4 बैग यूरिया व 3 बाल्टी भारत बैंज, गल्फ एएल, आयशर ब्रान्ड) रखे मिले। इसके अतिरिक्त करीब 300 खाली बैग अनुदानित यूरिया आईपीएल ब्रांड व 1 बैग इफ्फको के रखे मिले जिनका प्रयोग डेफ बनाने में किया गया है। मौके पर कार्यवाही के दौरान छपार पुलिस मय टीम मौजूद रही। बाद में मौके पर बिजली विभाग, सहकारिता व पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ कृषि विभाग से देवेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय कृषि रक्षा अधिकारी, राहुल कुमार, सचिन कुमार, धन प्रकाश, अरविन्द कुमार उपस्थित रहे।



## निर्माणाधीन फैक्ट्री में वेल्डिंग करते समय मिस्त्री की मौत, मालिक फरार

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन फैक्ट्री में एक दुखद हादसा हो गया। वेल्डिंग का काम कर रहे एक मिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद से फैक्ट्री मालिक दानिश फरार है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, छपार थाना क्षेत्र के बढ़ेड़ी गांव के सामने रास्ते पर एक फैक्ट्री का निर्माण कार्य चल रहा था। बुधवार को यहां वेल्डिंग मिस्त्री 24 वर्षीय दीप अंशुल पुत्र रविंदर निवासी ग्राम जयभगवानपुर कस्बा छपार वेल्डिंग का काम कर रहा था। परिजनों की माने तो लोहे की वेल्डिंग के दौरान खुले नंगे तार होने के चलते करंट लगने से दीपअंशुल मौके पर झुलस गया, जिसको आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद से परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि यह हादसा ठेकेदार और फैक्ट्री मालिक की लापरवाही के कारण हुआ है। बताया जा रहा है कि काम के दौरान सुरक्षा के कोई भी इंतजाम नहीं थे। हादसे के बाद से फैक्ट्री मालिक दानिश मौके से फरार हो गया। पुलिस अब फैक्ट्री मालिक की तलाश कर रही है। पुलिस ने मृतक के परिवार को सूचित कर दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।





## वर्क फ्रोम होम पर मोटा मुनाफा कमाने के लालच में फंसी महिला

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** वर्क फ्रोम होम पर मोटा मुनाफा कमाने के लालच में एक महिला 9.33 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गयी। आपको बता दें कि साइबर ठग तो नई-नई योजनाएं बनाकर आम आदमी को ठगने का काम करते ही हैं, मगर आम नागरिक भी आए दिन इनके झांसों में मोटा मुनाफा कमाने के कारण फंस ही जाते हैं। अब यदि किसी को घर बैठे-बैठे दोगुना मुनाफा होने की लालच दी जाए तो वह फंसता क्यों है? इसमें आधी गलती आम नागरिकों की है। कई बार पुलिस व मीडिया द्वारा जागरूक किये जाने के बाद भी रोज ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। अब नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के द्वारिका सिटी निवासी सुचिता बंसल के साथ ऐसा ही एक मामला घटित हुआ है, जिसमें उन्हें इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रोम होम के नाम पर ठग लिया गया। उनका बताना है कि उनके व्हाट्सअप पर एक मोबाइल से कॉल आई, जिसके बाद उन्हें टेलीग्राम ज्वाइन कराया गया। लिंक स्टार रेटिंग करते हुए उसे मुनाफे के पैसे भेजे गए। उसके बाद उन्हें 20 टास्क दिए गए। टास्क पूरे करने पर 6800 रुपए लेकर मुनाफे के 10 हजार रुपए भेजे गए। 3200 रुपये मुनाफा आते ही उन्हें कम्पनी पर विश्वास हो गया और मोटे मुनाफ के लालच में धीरे-धीरे सुचिता बंसल से 9.33 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। बदले में जब कोई मुनाफा नहीं आया तो सुचिता बंसल को पुलिस का सहारा लेना पड़ा और उन्होंने साइबर क्राइम थाना में मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।



## एआरटीओ विभाग की बड़ी कार्रवाई : अनफिट स्कूली वाहनों सहित कई के चालान कर सीज किए

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** शिक्षा के साथ-साथ छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने एक सख्त अभियान चलाया है। इसी कड़ी में, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) विभाग ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली बसों और वैन की रोड पर औचक जांच पड़ताल की। इस दौरान, कई ऐसे वाहन पाए गए, जो सुरक्षा मानकों को पूरा ही नहीं करते थे। जांच के दौरान, परिवहन विभाग की टीम ने पाया कि कुछ बसें और वैन फिटनेस प्रमाण पत्र के बिना चल रही थीं, जबकि कुछ में अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और प्राथमिक चिकित्सा किट (फर्स्ट-एड किट) जैसी अनिवार्य सुरक्षा सामग्री गायब थी। इसके अलावा, कई वाहनों में स्पीड गवर्नर भी नहीं लगा था, जो निर्धारित गति सीमा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर, विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 4 से अधिक अनफिट स्कूली वाहनों को सीज कर उन पर करीब 65 हजार रुपए के चलान किए गए हैं। इसी के साथ दो ओवरलोड ट्रैकों पर एक लाख पच्चीस हजार रुपए का चालान किया गया, वहीं दो यात्री बसों पर भी अनफिट होने के चलते 32 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। एआरटीओ (प्रवर्तन) सुशील मिश्रा ने बताया कि विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कई निजी स्कूल और संचालक पुराने और बिना फिटनेस वाले वाहनों का इस्तेमाल बच्चों को लाने-ले जाने के लिए कर रहे हैं, मंगलवार को भी खतौली में एक ऐसे स्कूली वाहन को पकड़ा गया था लेकिन दूरी दिन भी जब नियमों का उल्लंघन करते हुए वहीं स्कूली बस पकड़ी है, तो उसको चालान कर सीज किया गया है। एआरटीओ प्रवर्तन सुनील मिश्रा ने बताया कि कई स्कूली वाहन संचालक बच्चों की जान जोखिम में डाल रहें है। उन्होंने चेतावनी दी कि सभी स्कूल प्रशासन और वाहन मालिकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वाहनों की नियमित जांच कराएं और सभी सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में कोई भी वाहन अनफिट पाया जाता है, तो उसके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तब तक जारी रहेगा जब तक सभी स्कूली वाहन पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हो जाते।




## आपदा प्रबंधन व महामारी अधिनियम मामलों में सुनवाई 24 सितम्बर को

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** आपदा प्रबंधन व महामारी अधिनियम मामले में कैबिनेट मंत्री व अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में एक गवाह को अभियोजन ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में उसकी गवाही कराई गयी। वहीं विधायक मिथलेश पाल मामले में कोर्ट में कोई सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट ने दोनों मामलों में 24 सितम्बर की तिथि नियत की है। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता किरण पाल ने बताया कि वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व अन्य के खिलाफ बगैर अनुमति के जनसभा करने का मामला छपार थाने में दर्ज कराया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है। बुधवार को अभियोजन की तरफ से चश्मदीद गवाह इंद्रजीत को पेश किया गया। उसने कोर्ट में अपनी गवाही दी। वहीं धनगर जाति के प्रमाण पत्र को लेकर जीआईसी मैदान में धरना प्रदर्शन व कार्य सरकार में बाधा के मामले में विधायक मिथलेश पाल समेत 13 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज में कोई सुनवाई नही हुई। कोर्ट ने दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 24 सितम्बर की तिथि नियत की है।

## सपा सांसद इकरा हसन को बर्थडे सरप्राइज, अखिलेश ने दिया शगुन, प्रिया सरोज ने ऑर्डर किया केक

**लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के कैराना से सपा सांसद इकरा हसन का मंगलवार को जन्मदिन था। इस मौके पर लखनऊ के होटल ताज में केक काटा गया। केक काटने के बाद पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शगुन के तौर पर इकरा को 100 रुपये का नोट भेंट किया। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दरअसल, बीते दिन 'इंडिया' गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी लखनऊ पहुंचे थे। इस मौके पर ताज होटल में समाजवादी पार्टी के नेताओं का जमावड़ा हुआ। इस दौरान जया बच्चन, प्रिया सरोज, जियाउर्रहमान बर्क समेत कई सांसद मौजूद थे। होटल ताज में बैठक और लंच के बाद जब यह पता चला कि इकरा का जन्मदिन है तो सपा सांसद प्रिया सरोज ने फौरन केक ऑर्डर कर दिया। इसके बाद जब अखिलेश यादव सुदर्शन रेड्डी को सी-ऑफ कर वापस आए तब इकरा हसन का केक काटा गया। कैराना सांसद के लिए अचानक एक वेटर ने टेबल पर केक लाकर रखना सरप्राइज की तरह था। जैसे ही केक सामने आया, सभी सांसद एक स्वर में इकरा हसन को हैप्पी बर्थडे विश करने लगे। इस सरप्राइज को देखकर इकरा हैरान रह गईं। इस दौरान सपा सांसद डिंपल यादव ने खुद आगे बढ़कर इकरा हसन के साथ केक काटा। वहां मौजूद सांसदों ने तालियां बजाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। इसी बीच, अखिलेश यादव ने 100 रुपये का नोट निकाला और इकरा को जन्मदिन पर गिफ्ट किया। सपा सांसद आनंद भदौरिया ने बताया कि जब भी किसी सांसद या विधायक का जन्मदिन होता है और अगर मौके से वह अखिलेश यादव के सामने उस दिन मौजूद रहता है तो वह उसे शगुन के तौर पर 100 रुपये का नोट देते हैं। यह परंपरा सालों से चली आ रही है।








# श्री गणपति बप्पा मोरया के जयघोष बीच निकली शोभायात्रा

- नई मंडी में जगह-जगह पर हुआ गणपति महाराज का स्वागत
- डीएम-चेयरपर्सन समेत अन्य गणमान्यों ने किया बाबा का पूजन
- पूजा-अर्चना में शामिल हुए जिले के गणमान्य नागरिकगण
- आतिशबाजी व पुष्पवर्षा रहे भक्तों के आकर्षण का खास केन्द्र



**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से बुधवार को पूजा-अर्चना के साथ गणपति जन्मोत्सव प्रारंभ हो गया। गणपति धाम मंदिर परिवार द्वारा नई मंडी भरतिया कॉलोनी मंदिर प्रांगण में श्री गणपति जन्मोत्सव के बीच प्रातः 10 बजे अतिथियों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चना, नयनाभिराम स्वर्ण श्रृंगार, 56 भोग लगाने के साथ विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में भगवान गणपति जी का रजत पालना, बाबा खाटू श्याम के रथ एवं डीजे उत्सव के आकर्षण रहे। इस दौरान मंदिर परिसर के साथ पूरे शोभायात्रा क्षेत्र में तोरण द्वार, मनमोहक लाईट व फूलों से की सज्जा आकर्षण के केंद्र में रही। श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर परिसर नई मंडी भरतिया कॉलोनी में बुधवार को श्री गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच संपन्न श्री गणेष महोत्सव की धूम पूरे मंडी क्षेत्र में रही। अग्रपूज्य पार्वती नंदन, समस्त कष्ट हरने वाले विघ्न विनाशक सिद्धिविनायक गणपति जन्मोत्सव के प्रथम दिन प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना के साथ में भव्य शोभायात्रा मन्दिर प्रांगण से प्रारंभ होकर परम्परागत मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं गणपति महाराज को भोग लगाने के साथ प्रसाद वितरण हुआ। शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डीएम उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक अशोक कंसल, विजय शुक्ला, व्यापारी नेता संजय मित्तल, प्रमुख उद्यमी सतीश गोयल, निरंकार स्वरूप, नरेन्द्र गोयल, श्रवण गर्ग, रघुराज गर्ग, सुरेन्द्र अग्रवाल, अनिल बाबरी, पूर्व सभासद विकल्प जैन, अमित गर्ग, अरविन्द भारद्वाज, सुनील तायल, सभासद राहुल पंवार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का श्री मंदिर समिति पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इस बीच मंदिर परिसर के साथ मंडी क्षेत्र में हर ओर भक्ति की रसधारा देर सायं तक बहती दिखाई दी।

बुधवार को मंदिर परिसर से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा नवीन मंडी स्थल गुड़ मंडी, राजवाहा रोड, मुनीम कॉलोनी होते हुए नई मंडी बड़े डाकखाने के सामने से होकर गौशाला रोड, नंदी स्वीट्स के बराबर से पुरानी गुड़ मंडी, पीठ बाजार, बिन्दल बाजार, मेहता क्लब से वकील रोड, चौड़ी गली गौशाला रोड़ से होकर भोपा पुल के बराबर से होते हुए वापस वकील रोड से नई मण्डी बिजलीघर होते हुए डाकखाने के सामने से वापस मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान श्री गणपति जी महाराज स्वर्ण रथ पर स्वर्ण रूप में भक्तों के कष्टों को हरने के लिए स्वयं पहुंचे, जहां भक्तों द्वारा अपने आवास व प्रतिष्ठानों के बाहर श्री गणपति महाराज का स्वागत करते हुए बाबा के भक्तों को इस बीच प्रसाद का वितरण किया।

शोभायात्रा में श्री खाटू श्याम जी का विशाल रथ श्री गणपति जी महाराज की अगवानी करते हुए दिखाई दिया, वहीं राष्ट्रभक्त शिवाजी महाराज जी, देशभक्ति की झांकी समेत 12 झांकियां भक्तों के आकर्षण के केंद्र में रही। इसके साथ 4 बैंड, 2 ढोल ताशे, 2 डीजे, 2 आतिशबाजी मुख्य आकर्षण रही। इस दौरान मंदिर समिति से जुड़े समाजसेवी भीम कंसल, अध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, विनोद राठी, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, प्रतीक कंसल, रजत राठी, नीरज गोयल, अनित गोयल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शुभग तायल, अंकित अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, तुषार गर्ग, यश गर्ग आदि मौजूद रहे।






## बुलेटिन संपादक ने सपत्नीक गणपति जी का लिया आशीर्वाद

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** श्री गणपति-खादू श्याम मंदिर परिवार की ओर से बुधवार को पूजा-अर्चना के साथ गणपति जन्मोत्सव प्रारंभ हो गया। गणपति धाम मंदिर परिवार द्वारा नई मंडी भरतिया कॉलोनी मंदिर प्रांगण में सायं बेला में आयोजित किए गए श्री गणपति जन्मोत्सव के बीच मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ व पूजा दुआ ने श्री गणपति महाराज की पूजा अर्चना करते हुए गणपति जी को भोग लगाते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजसेवी भीम कंसल, भाजपा नेता श्रीमोहन तायल एवं राजीव गर्ग ने सपत्नीक गणपति महाराज की पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्वान पंडितों ने श्री गणपति महाराज की पूजा वैदिक मंत्रोच्चार से कराते हुए बाबा की आरती भी की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आयोजित किए गए पूजा-अर्चना में पूर्ण रूप में भक्ति भाव से प्रतिभाग किया।




## चेयरपर्सन ने किया श्री गणेश चतुर्थी पर कलश यात्रा का शुभारंभ

### - बड़ी धर्मशाला में मंत्रोच्चार के साथ श्री गणेश महोत्सव का आगाज



**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक उत्साह व आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नई मंडी में श्री गणेश जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कलश यात्रा के माध्यम से किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए। इस बीच मंगल गीतों और गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति, संजय मार्ग पटेल नगर की ओर से बुधवार को 19वां श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। बुधवार से 04 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस समारोह के बीच पटेलनगर स्थित जय मां शक्ति मंदिर परिसर से कलश यात्रा एवं श्री गणेशजी स्थापना उत्सव धूमधाम के साथ में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने मंदिर परिसर में पूजन व आरती के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ कराया। पंडित अवधराज आचार्य ने इस दौरान यहां पूजन अर्चन कराया। इसमें सैकड़ों भक्तजन शामिल रहे। श्री गणेश वंदना के उपरांत भव्य झांकी निकाली गई। कलश यात्रा नई मंडी वकील रोड स्थित बड़ी धर्मशाला में पहुंची, जहां विधि विधान के साथ भगवान श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना करते हुए पूजन किया गया। इस दौरान मैजिक डांस एकेडमी के बच्चों ने सुन्दर धार्मिक-सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और अन्य सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता व सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता श्री गणेश सभी के जीवन से संकटों को दूर करते हुए सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। नगर की सुख-शांति व उन्नति के लिए उन्होंने भगवान गणेश से आशीर्वाद की कामना की। इस दौरान मुख्य रूप से युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, संजय गर्ग, रामपाल तायल, पंकज सिंघल, दिनेश पाल, अंकित गर्ग, समकित जैन, विपिन पाल, देवेन्द्र कुमार बंसल सहित नगर के अन्य सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एमजी पब्लिक स्कूल में कला एकीकरण गतिविधि में दिखा विज्ञान और संस्कृति का संगम



**मुजफ़्फ़रनगर, 27 अगस्त (बुस.)।** रचनात्मकता की शक्ति के सहारे शिक्षा को आनंदमय बनाने के विचार को आधार बनाकर एमजी पब्लिक स्कूल में अरुणाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के माध्यम से विज्ञान के रंगों की खोज विषय पर कला एकीकरण गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान की अवधारणाओं को अरुणाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर से जोड़कर ज्ञान-विज्ञान, कला और संस्कृति के संगम के रूप में प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। रंगों, विचारों और शोध से परिपूर्ण इस गतिविधि ने विद्यालय परिसर को ज्ञान और रचनात्मकता के उत्सव में बदल दिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि एमजी पब्लिक स्कूल में आयोजित कला एकीकरण गतिविधि में कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, ज्ञान और प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अरुणाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के माध्यम से विज्ञान के रंगों की खोज, विषय पर आधारित इस गतिविधि ने विज्ञान और संस्कृति को जोड़ते हुए शिक्षा के नए आयाम प्रस्तुत किए। कक्षा-9 के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से न्यूटन के गति के नियम, माइट्रोकॉन्ड्रिया, नाभिक, प्लास्टिड, शुद्ध व अशुद्ध पदार्थ, मिश्रण तथा भौतिक और रासायनिक परिवर्तन जैसी वैज्ञानिक अवधारणाओं को दोनों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ा। विद्यार्थियों की गहरी समझ और मौलिकता ने सभी को प्रभावित किया। वहीं, कक्षा-10 के विद्यार्थियों ने संक्षारणः सांस्कृतिक शत्रु, जैसे विषय पर प्रस्तुतियाँ दीं। इसमें उन्होंने प्रकाश का विक्षेपण व प्रकीर्णन, परावर्तन, अपवर्तन, मानव हृदय, पाचन तंत्र, अपोहन, घरेलू सफाई एजेंटों का पीएच मान तथा लवणों के उपयोग जैसे विषयों पर अपने शोध और अध्ययन को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रचनात्मकता बुद्धिमत्ता का आनंद है। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के भीतर न केवल विज्ञान और संस्कृति को समझने की जिज्ञासा और गहरी समझ विकसित करती हैं, बल्कि उन्हें सृजनशील सोच और जीवन कौशल से भी जोड़ती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ ही अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## शाहपुर में गणेश चतुर्थी पर भव्य प्रभात फेरी के साथ की गई सिद्धिविनायक की स्थापना


### - शाहपुर में गणेश चतुर्थी पर भव्य प्रभात फेरी के साथ की गई सिद्धिविनायक की स्थापना



**शाहपुर, 27 अगस्त (बु.)।** सनातन धर्म के गणपति महोत्सव की शुरूआत शनिवार को बड़े त्यौहार गणेश चतुर्थी पर सिद्धिविनायक की स्थापना के साथ हो गई। प्रभात फेरी, ढोल-नगाड़ों के के साथ ही घरों में विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान गणपति की स्थापना की गई। अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस महापर्व का बप्पा के विसर्जन के साथ ही समापन होगा। गणेश चतुर्थी का पर्व प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मनाया जाता है। इसके संबंध में कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, कहा जाता है कि एक बार भगवान गणेश ठीक प्रकार से मूषक की सवारी नहीं कर पाए, तो यह दृश्य देखकर चंद्रमा को हंसी आ गई। इस पर गुस्साए गणेश जी ने चंद्रमा को श्राप दे दिया, कि तुम देखने योग्य नहीं रहोगे, जो भी कोई तुमको देखेगा, वह पाप का भागी बनेगा। श्रापित चंद्रमा ने देवताओं से गुहार लगाई, तो देवराज इंद्र के नेतृत्व में सभी देवताओं ने गजानन की स्तुति प्रारंभ कर दी, जिससे प्रसन्न होकर गणेश जी ने देवताओं को वरदान मांगने को कहा, जिस पर देवताओं ने चंद्रमा को श्राप मुक्त करने का वरदान मांगा। इस पर गणपति ने कहा कि वह अपना श्राप तो वापस नहीं ले सकते, लेकिन इसमें संशोधन कर सकते हैं। अब भाद्रपद की चतुर्थी को ही चंद्र दर्शन अभिशप्त माना जाएगा। इस चतुर्थी को चंद्र दर्शन पर कलंक लगेगा, लेकिन शेष माह की चतुर्थी को चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाएगा, तभी से यह पर्व मनाया जाता है। इसके अलावा अभी कथा प्रचलित है कि मराठा हिंदू सम्राट शिवाजी ने गणेश चतुर्थी पर्व की नींव रखी थी। गणपति को पेशवाओं का कुल देवता माना जाता है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने हिंदू संस्कृति को मुगलों के शोषण से बचाने के लिए एवं एकजुटता दिखाने के लिए यह त्योहार प्रारंभ किया था। शुक्रवार को देशभर के साथ-साथ शाहपुर में भी गणेश चतुर्थी पर घरों में गणपति की स्थापना की गई। प्रभात फेरी एवं ढोल-नगाड़ों के साथ ही घरों में सिद्धिविनायक की स्थापना की गई। सुबह शाम भगवान गणेश की वंदना पूजा के साथ-साथ उन्हें भोग लगाया जाएगा तथा भाद्रपद की चतुर्दशी अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी। इसी दिन विधि विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। प्रभात फेरी में अमित मित्तल, नितिन मित्तल, पंकज गोयल, लवनीश सिंघल, अक्षय गोयल, मनोज अरोरा, रवि अरोरा, विनय नामदेव, मुकेश गर्ग, मनीष गर्ग, अमन मित्तल, कुंज मित्तल, अर्पित गोयल कार्तिक सिंघल, अश्विन सिंघल, वैभव गोयल, अक्षय गोयल, मनीष गर्ग मोबाइल वाले, विशु नामदेव, मंजू गर्ग, अनीता गोयल, ललिता गर्ग, मिनाक्षी मित्तल, नंदनी मित्तल, अक्षिता गोयल आदि शामिल रहे। श्री बालाजी धाम मंदिर एवं श्री पिपलेश्वर हनुमान मंदिर मे भी सिद्धिविनायक की आराधना की गई।






संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## एम्स ने बनाई सस्ती और तेज जांच किट, 2 घंटे में कैंसर की पहचान सिर्फ 100 रुपये में



**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसी)।** कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की जांच अब न तो महंगी होगी और न ही समय लेने वाली। दिल्ली एम्स के डॉक्टरों ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जो केवल 2 घंटे में कैंसर का सटीक पता लगा सकती है और इसकी कीमत 100 रुपये से भी कम रखी गई है। इस खोज से स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस टेस्ट किट को एम्स के एनाटॉमी विभाग के डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने अपनी टीम के साथ मिलकर तैयार किया है। इसमें गायनी विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ. नीरजा भाटला, ज्योति मीणा, शिखा चौधरी और प्रणय तंवर शामिल रहे। यह नेनोटेक्नोलॉजी आधारित विजुअल डायग्नोस्टिक किट है, जो खासकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का शुरूआती और सटीक पता लगा सकती है। हाल ही में इस किट को नेशनल बायो इंटरप्रिन्योरशिप कॉम्पिटीशन 2025 में देशभर से आए 3100 इनोवेशन्स में पहला स्थान मिला। टीम को 6 लाख रुपये का पुरस्कार भी दिया गया है और आगे के लिए स्टार्टअप फंडिंग का रास्ता भी खुल गया है। डॉ. सुभाष के मुताबिक, अब तक लगभग 400 मरीजों पर इस किट का इस्तेमाल किया जा चुका है और हर बार परिणाम 100 फीसदी सही मिले हैं, जहां मशीनों से जांच में कई दिन लग जाते हैं, वहीं यह किट केवल दो घंटे में रिपोर्ट उपलब्ध करा देती है। यह किट बेहद सरल है और इसका इस्तेमाल मेडिकल ट्रेनिंग रखने वाले व्यक्ति, नर्स या आशा वर्कर भी कर सकते हैं। यहां तक कि महिलाएं चाहें तो इसे खुद भी उपयोग कर सकती हैं। इसकी कीमत इतनी कम है कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों तक इसकी पहुंच आसानी से हो सकेगी. फिलहाल, सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनों की कीमत करीब 30 लाख रुपये होती है और प्राइवेट अस्पतालों में जांच कराने पर मरीज को 6000 रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। एम्स जैसे सरकारी अस्पतालों में भी यह टेस्ट 2000-3000 रुपये तक का होता है। ऐसे में यह नई तकनीक बेहद किफायती विकल्प है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह किट समय पर बाजार में उपलब्ध हो जाती है, तो आने वाले चार वर्षों में देशभर के स्वास्थ्य केंद्रों पर इसकी मदद से कैंसर की जांच आसान और सस्ती हो जाएगी। इससे लाखों लोगों की जान बचाई जा सकेगी और कैंसर की समय रहते पहचान हो सकेगी।

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ आज से लागू, रुपये 5.4 लाख करोड़ का एक्सपोर्ट प्रभावित

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसी)।** भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर आज यानी, 27 अगस्त से 50% टैरिफ लागू हो गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग रूपये 5.4 लाख करोड़ के एक्सपोर्ट को प्रभावित कर सकता है। 50% टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे इनकी मांग में 70% की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी। आपको बता दें कि मशीनरी और कलपुर्जे की निर्यात में भारत ने 2024 में 19.16 बिलियन डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपए) के इंजीनियरिंग गुड्स निर्यात किए। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स, मशीनरी, ऑटोमोटिव पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, और अन्य औद्योगिक उपकरण शामिल हैं। अमेरिका कारों, छोटे ट्रकों और उनके पार्ट्स पर 25% शुल्क लगा रहा था, जबकि कॉमर्शियल वाहनों के पुर्जों पर यह शुल्क 10% था। जानकारी के अनुसार जब तक सेक्शन 232 टैरिफ की घोषणा नहीं होती तब तक अमेरिका को एपल, सैमसंग जैसे स्मार्टफोन्स के निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सेक्शन 232 अमेरिकी व्यापार विस्तार अधिनियम 1962 का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर आयात पर टैरिफ लगाने की अनुमति देता है। सेक्शन 232 की समीक्षा के बाद टैरिफ पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सेक्शन 232 टैरिफ की घोषणा के बाद अगर 50% का नया टैरिफ लागू होता है तो अमेरिका में भारत से एक्सपोर्ट होने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे हो जाएंगे। कंपनियां अमेरिका को भेजे जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम को किसी और देश में बनाने पर विचार कर सकती हैं।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अरविन्द, जो मेरे व अन्य परिवार वालों के कहने-सुनने में नहीं है तथा उसका आवारा किस्म के लोगों में उठना-बैठना है। उसकी इन हरकतों से परेशान होकर मैंने व मेरे अन्य परिवार वालों ने अरविन्द से अपने सभी सम्बंध विच्छेद करते हुए उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद हमारा अरविन्द से कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का नहीं है और न ही कोई मतलब वास्ता किसी भी प्रकार का होगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन अथवा वाद-विवाद के मेरे व मेरे अन्य परिजन जिम्मेदार नहीं होंगे।

सुन्दर मसीह पुत्र सुलेमान
निवासी- ग्राम पलड़ी, बुढ़ाना, तहसील व थाना- बुढ़ाना, जिला- मुजफ्फरनगर

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 2465, दिनांक 2/3/2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण, मेरे द्वारा पुत्र का नाम मौ0 अरहान (MOHD ARHAN) अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- मौ0 वाजिद
गली नं. 2, म.न.-463, महमूदनगर
मुजफ्फरनगर, मो. 9997337085

